**राज्यपाल सचिवालय**
**राज भवन, जयपुर**

**श्री आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा पर राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी**

जयपुर, 3 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च भारतीय नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

श्री मिश्र ने कहा कि श्री आडवाणी भारतीय राजनीति के आदर्श व्यक्तित्व हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण और त्याग के साथ शुचिता के जिन जीवन मूल्यों का प्रतिपादन श्री आडवाणी ने किया है, वे अनुकरणीय हैं।

------